## कलेक्टर ने किया विभिन्न कार्यों का निरीक्षण



**छपारा, देशबन्धु ।** सिवनी कलेक्टर संस्कृति जैन ने गुरुवार को छपारा में पहुंच कर विभिन्न विकास कार्य का जायजा लिया हनुमान वार्ड क्रमांक 14 में चल रहे कन्या शिक्षा परिसर भवन छात्रावास का निरीक्षण किया साथ ही अमृत योजना से अंतर्गत बना रहे तालाब व युवा खेल कल्याण विभाग से बनने वाले स्टेडियम की भूमि का जायज लिया ।

उन्होंने शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छपारा तहसीलदार छपारा मुख्य नगर परिषद अधिकारी पार्षद विशाल ठाकुर सहित शासकीय कर्मचारी उपस्थित थे ।

## छात्राएं मोबाइल के उपयोग में सतर्कता बरते : सौम्या सिंह

### विधिक साक्षरता में छात्राओ को दी कानून की जानकारी

**सौसर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर मे तहसील विधिक सेवा समिति एंव सिव्हील न्यायालय सौसर द्वारा विधिक साक्षरता एंवम जागरुकता शिविर का आयोजन न्यायमूर्ति श्रीमती सौम्या सिंह व्यवहार न्यायाधीश के प्रमुख आतिथ्य मे किया गया जिसमे छात्राओं व शिक्षकीय स्टाफ़ को विधिक जानकारी प्रदान की गयी।

न्यायाधीश सौम्यासिंह ने लडकियो के लिए पैतृक सम्पति में अधिकार, बालको के लिया बना क्रूरता अधिनियम, दहेज विरुद्ध कानून, एंवम सुचना के अधिकार की जानकारी सह पॉक्सो एक्ट में अठारह वर्ष के नीचे के बालक बलिकाओ का लैंगिक अत्याचारों से संरक्षण व उनके अधिकार, शिक्षाका, खाने का, नींद और जमानत का अधिकार, लड़कियों को शिक्षा, स्वतंत्रता और स्वावलंम्बी होने का भरण पोषण के अधिकारो की विस्तृत जानकारी दी गयी।

उसी प्रकार समाज के वंचित और गरीबो को केस लड़ने नि:शुल्क अधिवक्ता शासन की ओर से प्रदान किया जाता है। झूठे केस मे फंसाने बारे मे जानकारी। न्याय की उम्मीद



लगाए लोग लीगल अधिकारों को पढेंगे तो सशक्त होंगे। आज छात्राओं को न्यूज़ पेपर पढ़ने की आवश्यकता है क्योंकि इससे हमे बहुत सी जानकारिया जैसे अपने अधिकारों के बारे मे, कानून के बारे मे,अपनी ड्यूटी के बारे में कर्तव्य के बारे में शिक्षा, स्कूलों, कॉलेजों और उसमे पढाये जाने वाले कोर्स के बारे में, नौकरी की वेकेंसी के बारे में जानकारी मिलती है । छात्राएं एंव महिलाएं मोबाइल के उपयोग में सदैव सावधनी बरते। ऑनलाईन अपराधो जैसे वीडियो काल से, झूठे केस में फँसाने का डर दिखा पैसे मांगना वर्चुअल अरेस्ट के अपराधो के बारे में सत्य घटनाओ के उदाहरण देकर व्यवहार न्यायाधीश ने सचेत किया। जुडिशिअली में तथा यूपीएससीमे तथा राज्य की पीएससी परीक्षाओ के बारे मे केरियर मार्गदर्शन भी किया जिसमे विभिन्न नौकरियो में अपना कैरियर बनाया जा सकता है।। सूर्यकीर्ति काले वरिष्ठ शिक्षक ने संविधान निर्माण, विधायिका, कार्यपालिका, तथा न्यायपालिका,के कार्यो की जानकारी के साथ कानून क्षेत्र मे कैरियॅर निर्माण की प्रचुर संभावनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम मे शाला छात्राओ ने कानून संबंधित प्रश्न पुछे तथा उनकी जिज्ञासाओ का समाधान न्यायाधीश सौम्यासिंह ने किया।

इस अवसर पर शाला छात्रा कु प्रतिमा कुमरे कु मिनाक्षी मरकाम ने श्रीमती सिंह को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुस्तक उपहार दी। कार्यक्रम मे कीर्तिसागर बागडे, शकुंतला कमाले, सरोज वालके न्यायालयिन स्टाफ़ में से वैशाली कवडेती सहायक ग्रेड, नजीर पठान पीएलवी उपस्थित रहे। संचालन सूर्यकीर्ती काले ने तथा आभार प्रदर्शन राजरत्न बागडे ने किया। न्यायधीश सौम्या सिंह ने आगामी दिसंबर माह में होने वाली लोकअदालत की जानकारी प्रदान की गयी और अपील की इसका लाभ सभी लोग ले सकते है जिनको त्वरित न्याय चाहिए।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 को

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवम्बर 2024 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं।इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### सार-समाचार

## झांसीघाट में पूजन कर 131 परिक्रमावासी रवाना



**गोटेगांव, देशबन्घु ।** गोटेगांव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नर्मदा तट झांसीघाट से परिक्रमावासी रवाना हुये । झांसीघाट तट पर मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन किया जिसमें परिक्रमावासियों के पारिवारिक सदस्य एवं गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पंकज चौकसे एवं अन्य सैकड़ो भक्तजनों ने भेंट कर परिक्रमावासियों को सुखद एवं मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं एव तिलक लगाकर माला पहनाकर विदा किया वही विधायक महेंद्र नागेश ने भक्तों को भजन मंडली सामग्री भी भेंट की,जैसे कि हिंदू धर्म में परिक्रमा का काफी महत्व होता है । नर्मदा परिक्रमा एक धार्मिक होती है. पुराणों में कहा जाता है कि इस यात्रा से आपकी जिंदगी बदल जाती है । व्यक्ति के पापों का नाश हो जाता है, मोक्ष मिलता है.नर्मदा परिक्रमा का अर्थ है नर्मदा नदी की परिक्रमा करना। परंपरा के अनुसार यह चक्र हर साल चतुर्मास की समाप्ति यानी प्रबोधिनी एकादशी के बाद शुरू होता है।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




**चौरई,देशबन्धु ।** रोटरी क्लब के संयोजन में सांसद विवेक बंटी साहू के मार्गदर्शन में जिलेभर में चल रहे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की श्रृंखला में चौरई क्षेत्र के ग्राम सांख एवं खूट पिपरिया में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, जिलापं सदस्य एवम विधान सभा प्रभारी लखन वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि नर ही नारायण सेवा है सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जिलेभर के जरूरत मंद लोगों का निशुल्क उपचार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है इस तरह के आयोजन से आमजन को इलाज के भटकना नहीं पड़ता है । कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता मंझलो पटेल, वेदप्रकाश चौरसिया, नीलू निर्मलकर, सत्यनारायण चोरिया, गनाराम उईके, प्रताप चोरिया, अनिल उईके, कलीराम चोरिया, मूरत नायक, मदन राय, नवीन मिश्रा, सुरेश मालवीय, संजय वर्मा, सुमरन साहू, चंद्रभान सोनी, राजेश मालवीय, विजेंद्र रघुवंशी, भैयालाल पाल, विवेक राऊत, गुड्डू पटेल, पप्पू सोनी, शशिकांत निर्मलकर, अनिल पटेल, ओम पटेल, ओंकार माहौरे, सरपंच बसंत माहौरे, उपसरपंच बृजेश रघुवंशी, चमन मालवीय, राजेंद्र संदराम राजकुमार उईके, अमरसिंह बक्सरिया, संतोष मालवीय, उकेश माहौरे, संतोष पटेल, अन्नू भारद्वाज, अंकित वर्मा समेत ग्रामीण जन मौजूद रहे ।

## जिला जेल में निरुद्ध बन्दियों को दिया गया अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण

**सिवनी, देशबन्धु ।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सिवनी द्वारा जिला जेल सिवनी में निरुद्ध बंदियों एवं विचाराधीन बंदियों को रिहाई उपरान्त रोजगार दिलाने के उद्देश्य से अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण में आज दिनांक 16.11.2024 को प्रवीण कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक एवं कुलदीप सिंह निदेशक समाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा 30 बंदियों को प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र दिया गया।

## श्रीकृष्णा गुर्वे का निधन



**रामाकोना, देशबन्धु ।** ग्राम उटेकाटा निवासी श्रीकृष्णा पिता तुलाराम गुर्वे 49 वर्ष की अल्प आयु में हृदय गति रुक जाने से शनिवार को रात्रि दु:खद निधन हुआ। रविवार को ऊटेकाटा मोक्षधाम में रिश्तेदार, मित्रगण, सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में अंतेष्टि की गयी। आप वर्तमान में सवरनी स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे । आप के अचानक चले जाने से पूरा शिक्षा विभाग तथा ग्राम में शोक की लहर है ।

## महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रतियोगिता आयोजित

**सौसर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अकादमिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सौसर में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विभिन् प्रतियोगिताओ का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉक्टर एन.के. गेडाम के मार्गदर्शन में 13 नवम्बर व 14 नवम्बर को आयोजित किया गया।

भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित निबंध प्रतियोगिता में कुमारी दामिनी गोयल एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान निशा चीचेन एमएससी फर्स्ट सेम रसायन शास्त्र तथा अंजनी आठनकर बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में शिल्पा सिरसवे राजनीति विज्ञान ने प्रथम स्थान तथा शिवम इनवाती ने द्वितीय स्थान व भाग्यश्री श्रीखंडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अभय भैसारे बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कामिनी खन्नडाईत एम.एससी .प्रथम वर्ष तथा द्वितीय स्थान श्वेता वाडीवे राजनीति विज्ञान ने प्राप्त किया। लोकगीत प्रतियोगिता में आशीष कोडापे बी.ए.तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान तथा प्राची गुरुवे एमएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । लोक नृत्य प्रतियोगिता में महेश शीलू ,किरण मेलगरे, मेधा कावडे ,सुषमा मेलगरे ,मयूरी मेलगरे ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। यह सभी छात्र-छात्राएं 18 से 23 नवंबर के बीच शासकीय स्वशासी स्नाकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रतियोगिताओं मे प्रतिभागिता करेंगे।

प्रतियोगिताओं को सुचारू रूप से आयोजित करने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.बी .आर.सिंगोतया अर्थशास्त्र विभाग, इंद्रपाल राऊत हिंदी विभाग, इंदू तांडेकर अर्थशास्त्र विभाग , विजय मंडराह राजनीति विज्ञान विभाग, शिखा साहू समाजशास्त्र विभाग तथा महाविद्यालय के प्राचार्य व संरक्षक डॉक्टर डी.के.इंदौरकर का विशेष योगदान रहा । महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक व समस्त स्टाफ ने बच्चों को प्रतियोगिता में सफल होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** स्थानीय नगर में शासकीय ठा.निरंजन सिंह महाविद्यालय के तीन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुआ।

शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर वर्ष 2024-25 के निर्देश अनुसार जिला स्तरीय वॉलीबाल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय साईखेड़ा के शुभंकर खेल मैदान पर किया गया है, प्रतियोगिता में 5 महाविद्यालय की टीमों ने सहभागिता की जिसमे गोटेगांव कालेज ने तेंदूखेड़ा कालेज, एम आई एम टी नरसिंहपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई, प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पी जी कालेज नरसिंहपुर और शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव के बीच खेला गया जिसमें गोटेगांव कालेज उपविजेता रहा प्रतियोगिता उपरांत चयन ट्रायल का आयोजन किया गया जिसमे जिला स्तरीय वॉलीबाल दल का गठन किया गया, शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय के तीन खिलाड़ी दुर्गेश कहार, मोनू बेन, शिवा वंशकार का चयन किया गया यह दल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने मंडला जिला जायेगी.।

पहली बार एक साथ 3 वॉलीबाल खिलाड़ियों के चयनित होने पर जनभागीदारी अध्यक्ष विनोद तिवारी, संस्था प्राचार्य अन्नपूर्णा कोष्ठी,डॉ प्रहलाद पटेल क्रीड़ा अधिकारी, डॉ रुक्मणि अहिरवार, कोरी मैडम, एकता उपाध्याय, अभिषेक तिवारी, संदीप राजपूत, शेखर घोषी,अंचल सोनी, प्रियांश नामदेव, पुहुपसिंह,ने चयनित छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की है।

## नियम विरुद्ध संचालित हो रही शराब दुकानें कार्यवाही की मांग

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम रामाकोना की शराब दुकान हमेशा से किसी न किसी मुद्दे को लेकर चर्चाओं में है । ग्राम रामाकोना का एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन ने जिला कलेक्टर से निवेदन किया है की रामाकोना में संचालित हो रही शराब दुकान नियमो को ताक पर रख कर संचालित की जा रही है । जिसमे मध्यप्रदेश आबकारी विभाग की नयी नीति की धज्जियां शराब ठेकेदार द्वारा उड़ाई जा रही है । नयी नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में शराब दुकान नेशनल हाईवे से तथा ग्राम की सीमा से निश्चित दूरी के अंतराल के नियमो का उलंघन शराब ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है । तो वही निर्धारित समय सीमा पर शराब दुकान का संचालन नहीं किया जा रहा हैं । ऐसे कई मापदंडो का पालन शराब ठेकेदार द्वारा नहीं किया जा रहा है । इसको लेकर सामाजिक संगठन शराब ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की है ।

## महाविद्यालय में मनायी गयी बिरसा मुंडा जयंती



**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में जनजाति गौरव भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। जिसमें महाविद्यालय गोटेगांव में कार्यक्रम जनभागीदारी अध्यक्ष पंडित विनोद तिवारी की अध्यक्षता एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रुकमणी अहिरवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, सीधा प्रसारण देखा गया, उसके बाद मुख्य वक्ता विनोद तिवारी ने बिरसा मुंडा जी को धरती आबा संबोधित कर जल, जंगल, जमीन और जीवन पर व्याख्यान दिया गया। वहीं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि 15 नवंबर 1875 को जन्म हुआ और 9 जून 1900 में देहावशान के बीच सिर्फ 25 वर्ष की जीवन यात्रा में भगवान बिरसा मुंडा ने समाज और राष्ट्र के लिए संघर्ष किया उनके संघर्ष के कारण अंग्रेजो को अपने वन अधिनियम में भी परिवर्तन करना पड़ा ဋ(

आज के कार्यक्रम के अवसर पर डॉ.एकता उपाध्याय, डॉ. अभिषेक तिवारी,डॉ. सुरेश मिश्र, शिल्पा चौकसे, डॉ. सुजाता कोरी, संदीप राजपूत, करण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी को उपस्थिति रहे।

## भगवान प्रेम से प्रकट होते हैं : बाल विदुषी जयकिशोरी

**गोटेगांव/करकबेल, देशबन्धु ।** जीवात्मा रूपी बीज का रोपण करने के लिए गोपियों ने परमात्मा के हृदय में स्थान मांगा जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही रास है,ठाकुरजी सर्वत्र हैं,इन्हें कण-कण में महसूस कीजिए। लौकिक संबंध प्रभु से जोड़ लो,तो श्रेष्ठ बन जाओगे। गोपियों ने संसार को परमात्मा से प्रेम करना सिखाया। सच्चा प्रेम परमात्मा से ही संभव है। वर्तमान में प्रेम की जगह आसक्ति आ गई है। प्रेम सदैव बढ़ता है, जबकि आसक्ति घटती है। परमात्मा से प्रेम आनंद व सुख देता है।

यह बात दुर्गा चौराहा के समीप रजक परिवार करकबेल की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को कही। छठवें दिन बालविदुषी जयकिशोरी जी ने महारास लीला का वर्णन किया।

बालविदुषी जयकिशोरी जी ने कहा कि संसार में जो भी प्रेम दिखाई दे रहा है,वह लौकिक प्रेम है,जो कि सकारण होता है।शुद्ध प्रेम तो भय, गुण, रूप व लोभ से मुक्त होकर



प्रियतम के लिए सर्वस्व समर्पण का नाम है। सर्व समर्पण व स्व समर्पण कर देने पर अहम व मम दोनों की निवृत्ति हो जाती है।

**प्रेम दिखावा बना रहता है** - उन्होंने कहा कि संसार में जब तक स्वार्थ पूरा नहीं हो जाता, तब तक प्रेम का दिखावा रहता है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है अथवा ऐसा लगता है कि स्वार्थ सिद्ध नहीं होगा, तो प्रेम का कथित दिखावा शेष नहीं रहता।

उन्होंने कहा कि भगवान से किस प्रकार प्रेम करना चाहिए। इसे सिद्ध करने के लिए गोपियों का अस्तित्व था। इनके जीवन से यही शिक्षा मिलती है।

**विधायक नागेश ने किया कथा का श्रवणपान** -विगत मंगलवार से चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में छठवें दिन गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेंद्र नागेश ने पहुंचकर व्यासपीठ एवं कथावाचक बालविदुषी जयकिशोरी जी को साल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

तत्पश्चात कथा का श्रवणपान किया।साथ ही नगर एवं आस पास के क्षेत्र के सैंकड़ों श्रद्धालु कथा पंडाल में रासबिहारी की कथा को सुन भावविभोर हो रहे हैं।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 18 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्कशीर्ष कृष्ण पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-मृगशिरा।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। `क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

**धनु**
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। म.

3,5,6,8,38,50,62,84,41,05,91,10